To Construct the Road

***53 14/17/256. SH. ISHWAR SINGH, MLA:**

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state: -

a) Whether it is a fact that the road from Samana Mandi to Haryana Border is completely damaged due to heavy traffic;

b) If so, the time period of DLP and the time when the DLP of such road has been expired alongwith the reasons for delay in construction of such road; and

c) the time by which such road is likely to be constructed?

DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA

a) Sir, the road was damaged due to floods in July, 2023.

b) The DLP of the road expired in February, 2020. The work of special repair was allotted on 20.06.2023 but during construction, the road was got damaged due to flood in July, 2023. The revised rough cost estimate is under process for strengthening of this road.

c) No time frame can be given at this stage.

सड़क का निर्माण

*53 (14/17/256) **श्री ईश्वर सिंह, विधायक (गुहला):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि भारी यातायात के कारण समाना मंडी से हरियाणा सीमा तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है;

(ख) यदि हां, तो डी.एल.पी. की समयावधि क्या है तथा उक्त सड़क की डी.एल.पी. समाप्त होने का समय क्या है तथा इस सड़क के निर्माण में देरी के क्या कारण है; तथा

(ग) उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

दुष्यंत चौटाला, उप-मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) महोदय, बाढ़ के कारण जुलाई, 2023 में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी।

(ख) सड़क की दोष दायित्व अवधि (डी0एल0पी0) फरवरी, 2020 में समाप्त हो गई थी। विशेष मरम्मत का कार्य 20.06.2023 को आवंटित किया गया था, लेकिन निर्माण के दौरान जुलाई, 2023 में बाढ़ के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए संशोधित अनुमानित लागत अनुमान प्रक्रियाधीन है।

(ग) इस स्तर पर कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती।